भारत सरकार

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय

खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 4595**

**20 अगस्त, 2025 के लिए प्रश्न**

**खाद्यान्न की गुणवत्ता में सुधार**

**4595. श्री यदुवीर वाडियार:**

क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने खाद्यान्न की गुणवत्ता में सुधार के लिए कदम उठाए है;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है?

**उत्तर**

**उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री**

**(श्रीमती निमुबेन जयंतीभाई बांभणिया)**

**(क) और (ख):** जी हाँ। केंद्रीय पूल के लिए खाद्यान्न की खरीद खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग द्वारा तैयार किए गए एकसमान विनिर्देशों के अनुसार सख्ती से की जाती है। इसके अतिरिक्त, विभाग ने प्रयोगशाला गतिविधियों की वास्तविक समय में निगरानी के लिए एक गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली (क्यूएमएस) विकसित की है। यह प्रणाली परिचालन योजना को बेहतर बनाने, खाद्यान्नों के गुणवत्ता नियंत्रण में सुधार लाने और खाद्यान्नों की खरीद, संरक्षण और संपूर्ण आपूर्ति श्रृंखला प्रक्रियाओं में अधिक विश्वसनीयता और सटीकता सुनिश्चित करने के लिए तैयार की गई है।

**(ग):** उपरोक्त (क) और (ख) के परिप्रेक्ष्य में प्रश्न नहीं उठता।

*****